Headline

1. Wrestlers protest LIVE: दिल्ली पुलिस ने FIR की एक कॉपी पहलवानों को दी, बृजभूषण इस्तीफा नहीं देने पर अड़े
2. Karnataka: PM मोदी का प्रचार अभियान शुरू, छह दिन में होंगी 22 रैलियां, कर्नाटक चुनाव पर कितना पड़ेगा असर?
3. UP Nikay Chunav: ...चाहते हो कि कोई आए और कनपटी पर गोली चला कर चला जाए, बस इतना ही तो रह गया, बोले- आजम खां
4. Andhra Pradesh: आंध्र प्रदेश में नौ स्कूली छात्रों ने की आत्महत्या, रिजल्ट जारी होने के 48 घंटे के भीतर दी जान
5. SCO: भारत में ही चीन के समर्थन में खुलकर खड़ा हो गया रूस, क्वाड-AUKUS को बताया ड्रैगन को घेरने का जरिया
6. Corona Alert: पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के 7,171 नए केस, 40 की मौत; सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 51,000 के पार
7. ..तो चीन ने भी मदद से खींचे हाथ!: पाकिस्तान ने अमेरिका के सामने फैलाई झोली, आर्थिक मदद फिर शुरू करने की मांग

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 289 | इंदौर, शनिवार 29 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

केंद्रीय योजना का लाभ भी नहीं मिला

ब्याज और पेनाल्टी के 294 करोड़ वापस करने पड़े

भोपाल। केंद्रीय योजनाओं की राशि समय पर खर्च नहीं कर पाने के कारण, बैंकों में जमा राशि पर जो 272 करोड़ रुपए का ब्याज मिला। वह भी केंद्र सरकार को वापस करना पड़ रहा है। इसके साथ ही 22 करोड रुपए की पेनाल्टी अलग से देनी पड़ रही है।

केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं में मध्य प्रदेश सरकार को राशि आवंटित की थी। 2021-22 में 622 करोड रुपए केंद्र सरकार से मिले थे। इस राशि को सरकार ने 2022-23 में निकाला। जिसके कारण 22 करोड रुपए की पेनाल्टी लगी।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को कड़ी चेतावनी दी है, कि केंद्रीय योजनाओं में सतत निगरानी रखें। समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट केंद्र को भेजें। बैंकों में अनावश्यक राशि नहीं रखी जाए।

समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग की जिन योजनाओं में राशि खर्च नहीं हुई हैं। उसमें आयुष्मान भारत, नेशनल ड्रग रेगुलेटरी सिस्टम, नेशनल हेल्थ प्रोग्राम के तहत हेल्थ सिस्टम स्ट्रैंथनिंग मे केंद्र से प्राप्त राशि का उपयोग राज्य सरकार नहीं कर पाई। इसका असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ा है। आम जनता को इसका लाभ भी नहीं मिल पाया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

कुछ इसी तरह की स्थिति पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की भी है। केंद्र की स्कीम के तहत 1796 करोड़ रुपए 17 अगस्त 2022 को मिले थे। 92 दिन के बाद यह पैसा निकाला गया। विभाग ने 15.53 करोड ब्याज से कमाए।

कुछ यही हाल स्वास्थ्य विभाग का भी है। केंद्रीय योजनाओं के तहत 2022-23 में इसे केंद्र से 323 करोड रुपए प्राप्त हुए। अभी तक स्वास्थ्य विभाग इसका उपयोग नहीं कर पाया है। इस पर भी पेनल्टी लगना तय मानी जा रही है।

केंद्रीय योजनाओं का लाभ क्यों नहीं

केंद्र की योजनाओं में राज्य सरकार को भी अपना अंशदान करना पड़ता है। राज्य सरकार समय पर अपना अंशदान नहीं देती है। इसके कारण भी केंद्रीय योजनाओं की राशि या तो विलंब से प्राप्त होती है। या लैप्स हो जाती है। राज्य सरकार का अंशदान नहीं हो पाने के कारण, बहुत सारी योजनाओं का लाभ भी मध्यप्रदेश को नहीं मिल पा रहा है। राज्य सरकार और उसके विभाग समय पर वित्तीय प्रबंधन नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण इसका लाभ मध्यप्रदेश को नहीं मिल रहा है।

अंचलों में कांग्रेस करेगी बड़ी चुनावी रैली

● भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित छह स्थानों पर कांग्रेस करेगी महारैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । कांग्रेस मध्य प्रदेश में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए सभी अंचलों में बड़ी चुनावी रैली करेगी। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता हिस्सा लेंगे। इसके लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और सागर शहर प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा दतिया, उज्जैन, गुना और छिंदवाड़ा में भी बड़े कार्यक्रम होंगे। इनमें भी राष्ट्रीय पदाधिकारी भाग लेंगे। चुनाव अभियान समिति ने प्रस्तावित किया है कि प्रत्येक विधानसभा में एक बड़ी सभा की जाए ताकि पार्टी के पक्ष में माहौल बने और कार्यकर्ता उत्साहित हों।

प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव अभियान को गति देने के लिए परिर्वतन संकल्प अभियान प्रारंभ करने का निर्णय किया है। 16 वरिष्ठ नेता इसका नेतृत्व करेंगे और सभी को अलग-अलग जिले भी आवंटित कर दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह उन विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकतार्ओं के साथ बैठकें कर रहे हैं, जहां पार्टी को लगातार हार का करना पड़ रहा है। इन्हीं क्षेत्रों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के सम्मेलन भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक सभा के बाद सितंबर-अक्टूबर में प्रदेश के सभी अंचलों में महारैली आयोजित की जाएगी ताकि पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया जा सके और कार्यकर्ता उत्साहित हों। विंध्य और बुंदेलखंड में एक-एक रैली होगी। इसी तरह मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, महाकोशल और मध्य भारत क्षेत्र में सभा प्रस्तावित की गई है। छिंदवाड़ा में भी पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सभाएं होंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर का कहना है कि चुनाव को लेकर पार्टी की सभी स्तर पर पूरी तैयारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ जल्द ही कार्ययोजना को वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके अंतिम रूप देंगे।

सभी संभागीय मुख्यालयों पर होंगे सम्मेलन

उधर, पार्टी सभी संभागीय मुख्यालयों पर कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस ने इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। लगातार हारने वाली सीटों पर कार्यकर्ता सम्मेलन होने के बाद यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसमें स्थानीय नेताओं को आगे किया जाएगा।

चंद्रावतीगंज कृषि उपज मंडी में तुलाई में देरी से किसान परेशान

रीना बौरासी सेतिया ने किसानों के लिए जाकर खोला मोर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंद्रावतीगंज कृषि उपज मंडी में किसानों की फसल की खरीदी में तुलाई की अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इस स्थिति की जानकारी मिलने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की इंदौर संभाग की प्रवक्ता रीना बोरासी सेतिया ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला । उन्होंने अधिकारियों को 24 घंटे में व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी है ।

चंद्रावतीगंज कृषि उपज मंडी में आज सुबह 500 से ज्यादा किसान अपनी फसल बेचने के लिए खड़े हुए थे । सरकारी समर्थन मूल्य पर फसल की खरीदी का काम नहीं के बराबर गति से हो रहा था । इस बारे में जानकारी मिलने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की इंदौर संभाग की प्रवक्ता रीना बौरासी सेतिया अपने साथियों के साथ मंडी में पहुंच गई । वहां जाकर उन्होंने देखा कि मंडी में किसानों की उपज की तुलाई के लिए मात्र तीन कांटे लगाए हुए थे । इसके साथ ही मंडी क्षेत्र में बार-बार बिजली जा रही थी, जिसके चलते हुए काम बाधित हो रहा था । जब उन्होंने किसानों से चर्चा की तो किसानों ने बताया कि उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए स्लाट नहीं मिल पाता है । किसानों को तो फसल बेचने में 3 दिन का वक्त लग रहा है । किसान अपनी फसल को बेचने के लिए किराए के ट्रैक्टर में फसल लेकर आते हैं । जब फसल की खरीदी में बहुत ज्यादा समय लगता है तो किसानों को अनावश्यक ट्रैक्टर का किराया चुकाना पड़ता है । ऐसे में किसानों का नुकसान भी बहुत ज्यादा हो रहा है ।

सीएम राइज स्कूल में बच्चों को अंतरराष्ट्रीय भाषाएं भी सिखाएंगे : मंत्री सखलेचा

● 64 करोड़ की लागत से बनने वाले मल्हार आश्रम स्कूल का हुआ भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सीएम राइज स्कूल में शिक्षा के साथ साथ बच्चो को संस्कार भी सिखाएंगे, इंदौर का वास्तविक विकास बच्चो की सोच पर निर्भर रहता है । बच्चो के सपनो को साकार के करने के लिए उन्हें सीएम राइज स्कूल में अच्छी शिक्षा दी जाएगी, मल्हार आश्रम स्कूल बहुत ही आधुनिक स्कूल बनेगा, जीवन में सपने साकार करने के लिए बच्चो को शिक्षित होना जरूरी है, बच्चो को अलग अलग भाषा भी सीखना जरूरी है।

यह बाते मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने विधानसभा 3 में सीएम राइज योजना के तहत प्रथम चरण में 64 करोड़ की लागत से बनने वाले मल्हार आश्रम स्कूल के भूमिपूजन समारोह में कही। समारोह में विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि 120 करोड़ का मल्हार आश्रम स्कूल बनना नए भारत का दर्शन है, इस विद्यालय में आधुनिक क्लास रूम, इंडोर गेम व भव्य स्विमिंग पूल की व्यवस्था भी रहेगी। बच्चे भारत का भविष्य है इनका भविष्य उज्जवल बने इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। यह मल्हार आश्रम स्कूल 18 महीने में बनकर तैयार होगा, इसमें प्रतिवर्ष 4 हजार से ज्यादा बच्चे शिक्षित होंगे।

संत श्री अन्ना महाराज ने भी आयोजन में आशीर्वचन दिए। उन्होंने विधायक आकाश विजयवर्गीय को नए भारत का नेता बताया व भव्य स्कूल के लिए उन्हें बधाई दी। आयोजन में मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक आकाश विजयवर्गीय,संत अन्ना महाराज,अग्निबाण संपादक राजेश चेलावत ने वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन किया एवं गेती मारकर सीएम राइज स्कूल का भूमिपूजन किया।

अनंतेश्वर महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह जून में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तुलसी नगर स्थित वीर सावरकर उद्‌यान में निमार्णाधीन अनंतेश्वर महादेव शिव मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह जून महीने में आयोजित किया जाएगा। अनंतेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण तुलसी नगर के रहवासियों एवं अन्य धर्मावलम्बियों के सहयोग से अपने अंतिम चरण में है तथा शीघ्र ही मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। मंदिर का संचालन नवगठित अनंतेश्वर सामाजिक सेवा संस्थान के कार्यकारिणी सदस्यों एवं संरक्षक मंडल द्वारा किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति द्वारा आयोजित एक बैठक में तुलसी नगर के रहवासियों की उपस्थिति में अनंतेश्वर सामाजिक सेवा संस्थान के नए कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सीताराम पाटिल एवं तुलसीराम यादव सर्वसम्मति से संस्थान के नए अध्यक्ष एवं सचिव मनोनीत किये गए। महेश शर्मा एवं प्रकाश दातार उपाध्यक्ष तथा हरिओम मंडलोई कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गए।

डॉ.निशांत खरे ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की प्रदेश के युवाओं को लेकर हुई चर्चा

इंदौर। म.प्र युवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ.निशांत खरे ने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की। इस अवसर पर डॉ. खरे ने प्रदेश के युवाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि डॉ.खरे ने युवाओं के लिए और खासतौर पर आदिवासी और जनजातीय युवाओं के लिए जमीनी कार्य किया है और वे वस्तुस्थिति से अवगत है। इतना ही नहीं कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में डॉ.खरे ने अपनी योग्यता और अनुभव को शहर हित में साझा किया था। जल संरक्षण के क्षेत्र में भी डॉ.खरे ने कार्य किया है और आप प्रदेश की विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद के भी सदस्य है। इतना ही नहीं जनजातीय युवाओं एवं छात्रों के बीच आप लगातार स्वावलंबन,समाज सेवा,छात्र हित आदि को लेकर कार्य करते रहते है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने डॉ.खरे को म.प्र युवा आयोग के अध्यक्ष पद के लिए शुभकामनाएं भी दी और प्रदेश के युवाओं के लिए जो भी कार्य करना है उसके लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में भी बताया।

श्रद्धा सुमन सेवा समिति का 24वां स्थापना दिवस एवं स्नेह सम्मेलन अखंडधाम पर

इंदौर। अब तक ज्ञात-अज्ञात 20 हजार दिवंगतों की अस्थियों को देश की पवित्र नदियों में विसर्जित करने और प्रतिवर्ष श्राद्ध पक्ष में नि:शुल्क तर्पण अनुष्ठान एवं मोक्षदायी भागवत कथा का आयोजन करने वाली संस्था श्रद्धा सुमन सेवा समिति का 24वां स्थापना दिवस एवं स्नेह सम्मेलन रवविर 28 अप्रैल को सायं 5 बजे बिजासन रोड स्थित अखंड धाम आश्रम पर मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मोहनलाल सोनी, संयोजक हरि अग्रवाल एवं राजेन्द्र गर्ग ने बताया कि हंसदास मठ के महांडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चैतन स्वरूप एवं गजासीन शनि मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी दादू महाराज के सानिध्य एवं समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विष्णुप्रसाद बिंदल एवं टीकमचंद गर्ग के आतिथ्य में इस अवसर पर अनेक सेवाभावी बंधुओं का सम्मान भी किया जाएगा।

हर आग पानी से नहीं बुझाई जाती

प्रशिक्षण शिविर में पुलिसकर्मियों को बताया चार तरह की होती है आगजनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इदौर। इंदौर शहर में आकस्मिक परिस्थिति प्राकृतिक आपदा (आगजनी) के दौरान नियंत्रण हेतू, इंदौर पुलिस के अधिकारी/ कर्मचारियों के लिए पुलिस आयुक्त इंदौर शहर मकरंद देऊस्कर के मार्गदर्शन मे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज पुलिस नियंत्रण कक्ष पलासिया स्थित सभागृह मे किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अति पुलिस उपायुक्त मुख्या/ अपराध राजेश हिंगणकर, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नगरीय इंदौर जगदीश डाबर, अति पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नगरीय इंदौर श्रीमती मनीषा पाठक सोनी, सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय वाजपेयी, उनि शिवनारायण शर्मा (फायर सर्विसेस), दिनेश दुबे (सीज फायर) सहित शहर के विभिन्न थानों एवं रक्षित केंद्र के पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान बताया कि आकस्मिक परिस्थिति के दौरान संयम बनाकर रखना एवं वहा उपस्थित भीड को नियंत्रित करना है। तथा इस दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे मे बताया। प्रशिक्षण के दौरान फायर टीम ने आग लगने के कारण, बचाव व सुरक्षा के बिंदुओं पर बारीकी से प्रकाश डाला। दमकल केंद्र अधिकारी उनि शिवनारायण शर्मा ने आग के ए, बी, सी व डी क्लास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ए क्लास की आग के बारे में बताया कि लकड़ी, कोयला में लगने वाली आग होती है। इसे पानी व पानी वाले अग्निशमन उपकरण से बुझाया जा सकता है। वहीं बी क्लास में तैलीय पदार्थ में लगी आग शामिल है। इस प्रकार की आग को बुझाने के लिए फॉम वाले अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया जाता है। और बताया कि गैस में लगी आग सी क्लास आग होती है जिसे बुझाने के लिए गैस वाले अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया जाता है। वहीं डी क्लास आग धातु या बिजली की तारों में लगी आग शामिल होती है। इस आग को बुझाने के लिए पाउडर वाले अग्निशमन यंत्र प्रयोग किए जाते हैं। इसके बाद दमकल टीम ने आग बुझाने, आग लगने के दौरान फंसे व्यक्ति को बचाने, रस्सी में गांठ लगाकर उसका प्रयोग करने आदि कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया तथा रेस्क्यू आपरेशन करके बताया। और बताया कि रेस्क्यू आपरेशन के दौरान हमें पूरी तरह तैयार होकर यानी फायर कॉस्ट्यूम व उपकरण का इस्तेमाल करके जोखिम उठाना चाहिए।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

नाबालिग छात्रा से गैंगरेप के दो आरोपियो को 20-20 साल की जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। राजधानी भोपाल के नजदीक स्थित पर्यटन स्थल महादेव पानी क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज घटना में अदालत ने सुनवाई पूरी होने पर दोनो मुख्य आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 साल की सजा सहित 90 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना रायसेन जिले के उमरावगंज इलाके के पर्यटन स्थल महादेव पानी में चार साल पहले 7 अप्रैल 2019 को हुई थी।

जानकारी के अनुसार भोपाल की रहने वाली नाबालिग बीकॉम सेकंड ईयर की छात्रा अपने दोस्त के साथ बाइक से उमरावगंज थाना अंतर्गत स्थित पिकनिक स्पॉट महादेव पानी घूमने गई थी। छात्रा ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया था कि शाम को लौटते समय चार युवकों ने उन्हें रोक लिया और उसके दोस्त को डरा धमकाकर छात्रा को थाने ले जाने का कहते हुए जंगल के भीतर ले गए और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने आरोपी माखन और शिवनारायण को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकारते हुए वारदात में दो और साथियो के शामिल होने तथा घटना में एक अन्य युवक द्वारा मदद करने की बात बताई। जिसके बाद पुलिस ने गैंग रेप के मुख्य आरोपी भूरा खां पिता अजीज निवासी सुना रोड थाना सलामतपुर और जगदीश पिता लालाराम अहिरवार निवासी उचर थाना गंज बसौदा जिला विदिशा को भी दबोच लिया। सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने भूरा खां और जगदीश को 20-20 साल की जेल के साथ ही दोनों आरोपियों पर 90 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

प्रदेश में नर्सिंग परीक्षाओं पर रोक रहेगी बरकरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। नर्सिंग परीक्षाओं को लेकर शुक्रवार को ग्वालियर हाइकोर्ट की खंडपीठ में अहम सुनवाई हुई। नर्सिंग कालेजों की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। सीबीआइ अब प्रदेश के 375 नर्सिंग कालेजों की जांच करेगी। इस दौरान सीबीआइ ने पूर्व में जारी जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। इसके अलावा हाईकोर्ट ने सीबीआइ को 2020 से कालेजों के मापदंडों की जांच करने का आदेश दिया।

24 कालेजों की जांच में छह कालेजों में अनियमितताएं पाई गईं। मापदंडों पर वे सही नहीं पाए गए। वहीं पांच में भी कुछ न कुछ अनियमितताएं मिलीं। हाई कोर्ट के निर्देश पर मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल को भी पक्षकार बनाया गया। अगली सुनवाई 12 मई को होगी। ज्ञात हो 27 फरवरी 2023 को हाईकोर्ट ने नर्सिंग परीक्षाओं पर रोक लगाई थी। बीएससी नर्सिंग, बीएससी पोस्ट बेसिक और एमएससी नर्सिंग की परीक्षा पर रोक लगाई गई थी। मेडिकल यूनिवर्सिटी ने दो नोटिफिकेशन जारी कर सत्र 2019-21 के छात्रों को परीक्षा की अनुमति दी थी।

भिंड में लोकायुक्त पुलिस का छापा

बाबू ने मांगी एक लाख की रिश्वत, 55 हजार लेते पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भिंड। भिंड नगर पालिका में शुक्रवार की दोपहर को लोकायुक्त पुलिस का छापा पड़ा। यहां नामांतरण शाखा में तैनात बाबू अजय राजावत ने नामांतरण किए जाने के एक लाख की रिश्वत मांगी थी। ये राशि को लेकर आवेदक से 55 हजार की राशि लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा है। पकड़े गए बाबू के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस कार्रवाई करने में जुटी है, तभी कुछ लोगों ने लोकायुक्त पुलिस के साथ झूमाझटकी करते हुए हाथापाई भी कर दी। मामला बिगड़ा देख स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर कोतवाली व देहात पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक भिंड के रहने वाले विपिन जैन ने लोकायुक्त पुलिस से शिकायत की थी कि नगर पालिका भिंड में मैंने मकान के नामांतरण किए जाने को लेकर आवेदन किया है। यहां तैनात क्लर्क अजय राजावत द्वारा एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। इस शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने फरियादी के साथ नामांतरण शाखा के क्लर्क की वाइज टैपिंग कराई। मामला रिश्वत मांगने का पुष्ट होने पर लोकायुक्त पुलिस ने आवेदक के साथ मिलकर नामांतरण शाखा के बाबू को ट्रैप किए जाने का जाल बिछाया।

सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी पहल

हिंदू के अब्दुल, मुस्लिम के जमानतदार बने बाबूलाल

ईद के दिन शहर में हुआ था 2 पक्षों में विवाद और पथराव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

धार। ईद पर्व के दिन शहर में हुए घटनाक्रम के बाद शुक्रवार को धार में सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी पहल दोनों समाजों की ओर से हुई हैं। जिसमें हिंदू व मुस्लिम समाज के लोग एक-दूसरे के जमानतदार बने। साथ ही तहसीलदार कोर्ट के समक्ष दोनों पक्षों ने आश्वास्त किया कि दोबारा कभी ऐसी गलती नहीं करेंगे और शहर का सांप्रदायिक सौहार्द भी नहीं बिगाड़ने देंगे।

दरअसल 22 अप्रैल को ईद पर्व के दिन दोपहर के समय कोतवाली थाना अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी में 2 पक्षों के बीच पुराने झगड़े सहित घूरने की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों ने मारपीट करते हुए पथराव किया था, हालांकि समय रहते पुलिस टीम मौके पर पहुंची व दोनों पक्षों को अलग किया व घायलों को अस्पताल भेजा गया।

घटना वाले दिन समय पर अगर पुलिस नहीं पहुंचती तो ईद वाले दिन शहर की फिजा भी बिगड़ सकती थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के कुल 24 लोगों पर बलवा सहित मारपीट व पथराव को लेकर प्रकरण दर्ज किया था। एसपी के निर्देश पर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने महज कुछ घंटों में ही कुल 13 युवकों को अरेस्ट किया था, जिसमें मुस्लिम समाज के 10 युवक व हिंदू समाज के कुल 3 युवक शामिल थे।

हिंदू के अब्दुल व मुस्लिम के बाबुलाल जमानतदार बने

पिछले एक सप्ताह से दोनों पक्षों के युवक जेल में हैं। ऐसे में पहले दोनों पक्षों के लोगों ने आपसी चर्चा करते हुए सहमति बनी। जिसके बाद तहसीलदार दिनेश कुमार उइके के समक्ष दोनों पक्ष आए और सांप्रदायिक अनुठी मिशाल पेश करते हुए एक-दूसरे के जमानतदार बने है। तहसीलदार के अनुसार मुस्लिम पक्षों के जमानतदार बाबुलाल पिता दौलतराम व हिंदू पक्ष की ओर से अब्दुल रईस पिता मोहम्मद खान बने, तहसील कार्यालय में वैधानिक कारंवाई पूरी होने के बाद सभी युवकों को जमानत के आदेश जारी हो गए है।

दोनों पक्षों की ओर से अभिभाषकों सहित मोहल्ले के लोगों ने आश्वस्त किया कि दोबारा कभी भी धार शहर में सांप्रदायिक सौहार्द नहीं बिगड़ेगा और जो गलती बच्चों से हुई हैं, उसे लेकर उन्हें समझाईश दी जाएगी।

6 घंटे दहशत फैलाने के बाद पकड़ाया तेंदुआ

- **तेंदुए को देखने छतों पर चढ़े लोग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतना। सतना में शुक्रवार सुबह लोगों का सामना तेंदुए से हुआ। तेंदुआ दो लोगों पर हमला कर एक खाली मकान में घुस गया। इसके बाद करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने उसे ट्रैंकुलाइज कर पकड़ लिया। मुकुंदपुर जू की टीम तेंदुए को उठाकर बाहर लाई। फिर पिंजरे में डालकर जू रवाना हो गई। फॉरेस्ट अधिकारियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से शहर के बाहरी इलाके में तेंदुए के घूमने की खबर आ रही थी। शुक्रवार सुबह वह शहर में घुस आया। मुख्त्यारगंज में घुसे तेंदुए ने एक महिला समेत 2 लोगों को घायल कर दिया। इसके बाद एक खाली पड़े मकान में जा छिपा। सूचना के बाद वन विभाग की टीम और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साथ ही मुकुंदपुर जू प्रबंधन को भी सूचना दी गई। इसके बाद करीब 9 बजे जू की टीम सतना पहुंची और करीब डेढ़ बजे तेंदुए को पकड़ लिया गया।

छत्तीसगढ़ में नक्सली मार रहे, मप्र में पुलिस मार रही : नरोत्तम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। अल्प प्रवास के दौरान गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा जबलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली हमले को लेकर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की आपस में तुलना की। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश में पुलिस नक्सलियों को मार रही है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में नक्सली मार रहे हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की दोनों सरकारों में अंतर हैं। जनता इसे साफ तौर पर देख सकती है। उन्होंने कहां इसी साल एमपी की सरकार ने सवा डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सलियों ढेर किया हैं।

दिग्विजय सिंह पर बोले- उन्हे सुनने जनता नहीं जाती

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर गृहमंत्री ने कहां दिग्गी राजा मध्यप्रदेश के एकमात्र नेता हैं। जिन्हें सुनने के लिए कभी जनता नहीं जाती है। सिर्फ चर्चा में बने रहने के लिए दिग्विजय सिंह बयानबाजी करते रहते हैं। उन्होंने 10 साल में

आज तक कोई भी सभा नहीं की हैं। दोनों ने कहा यदि दिखेगा से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति नहीं करेंगे तो उन्हे आखिर कौन पूछेगा...?

शासकीय कर्मचारियों की हड़ताल पर बोले; चुनावी साल है...

वहीं आशा, उषा कार्यकर्ता, मेडिकल, डॉक्टर सहित अन्य विभागों के द्वारा लगातार की जा रही हड़ताल को लेकर उन्होंने कहा चुनावी साल है। ऐसा पहले से होता हुआ आया है। सभी हमारे स्वजन हैं। सभी को गले लगाकर साथ में बैठाया जाएगा और बीच का मार्ग निकाला जाएगा।

पार्षद और उपयंत्री के बीच विवाद, थाने पहुंचा मामला

निगम कर्मचारी रैली निकाल पहुंचे थाने, एफआइआर का दिया आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। नगर निगम ऑफिस में उपयंत्री और पार्षद के बीच विवाद का मामला सामने आया है। पार्षद पर आरोप है कि उन्होंने उपयंत्री के कॉलर पकड़कर अशब्दों का प्रयोग किया। इस घटनाक्रम के बाद नगर निगम के कर्मचारी आक्रोशित हो गए और उन्होंने कोतवाली थाने तक रैली निकाली। उपयंत्री ने पार्षद पर एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। नगर निगम में उपयंत्री और प्रकाश विभाग के प्रभारी भूपेंद्र सिंह बिसेन के साथ राष्ट्रकवि रसखान खड़कपुरा वार्ड-19 के पार्षद फरीद खान के बीच विवाद का मामला आया है। उपयंत्री बिसेन ने कोतवाली थाने में शिकायत की है कि पार्षद फरीद खान उनके दफ्तर में आए और उनके साथ अभद्रता की। साथ ही उन्होंने गाल पर हाथ लगाते हुए धमकाया। उन्होंने ऐसा क्यों किया, ये मैं समझ ही नहीं पाया।

दवा बाजार में लगी आग, 2 करोड़ का नुकसान

उज्जैन। दवा बाजार के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित जी फार्मा में शुक्रवार अल सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। पांच दुकानों को मिलाकर बनाए गए एक बड़े गोदाम में रखा सामान जल कर खाक हो गया। आगजनी में 2 करोड़ से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। दमकल की 5 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। दवा बाजार के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित सतपालसिंह की जी-फार्मा नामक दुकान है। श्री सिंह ने 5 दुकानों को मिला कर एक दुकान में तब्दील कर रखा है। शुक्रवार को सुबह 7 बजे आग लगने की जानकारी मिलने के बाद दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

रिटायर्ड फौजी ने खुद को गोली मारी, हालत गंभीर

ग्वालियर। ग्वालियर में एक रिटायर्ड फौजी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली जबड़े से आर-पार हो गई। लहूलुहान हालत में उन्हें पहले बिड़ला हॉस्पिटल, फिर सहारा अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिटायर्ड फौजी की पत्नी ने एक महीने पहले कॉलोनी के एक मंदिर के पुजारी पर रेप और न्यूड वीडियो शूट करने का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद से ही वह डिप्रेशन में चल रहे हैं।

संपादकीय

संकट के मौकों पर

संकट के ऐसे मौकों पर भारतीयों को सुरक्षित निकालने का भारत सरकार का पुराना रेकॉर्ड रहा है। पहले खाड़ी युद्ध (1990-91) के दौरान एयर इंडिया के विमानों के जरिए 1,60,000 लोग कुवैत से निकाले गए थे। हाल के वर्षों की बात करें तो यमन (2015), अफगानिस्तान (2021) और यूक्रेन (2022) के ऐसे अभियान भी खासे चर्चित रहे। बहरहाल, भारतीयों को सूडान से सुरक्षित निकालना समस्या का सिर्फ एक पहलू है। सूडान कई वजहों से हमारे लिए काफी अहमियत रखता है। वहां तेल क्षेत्र में भारत के महत्वपूर्ण आर्थिक हित हैं। वह भारत के लिए कच्चे तेल का प्रमुख सप्लायर भी है। ऐसे में अगर वहां जारी सत्ता संघर्ष जल्द काबू में नहीं आया तो यह देश लंबे समय की अस्थिरता में फंस सकता है, जिससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। प्रत्यक्ष आर्थिक हितों के अलावा भी सूडान की यह हिंसा भारत के हितों को प्रभावित कर सकती है। अफ्रीका में शांति स्थापित करने के प्रयासों में भारत सक्रिय रूप से शामिल रहा है। ऐसे में यह हिंसा जारी रही तो भारत के उन प्रयासों की सार्थकता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। यही नहीं, सूडान की सीमा इजिप्ट, इथियोपिया, लीबिया आदि देशों से लगती है। ये देश पहले से ही आंतरिक संघर्षों में उलझे हैं। ऐसे में इस पूरे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो सकती है, जो किसी के हक में नहीं होगी। जरूरी है कि समय रहते इस संघर्ष को रोकने के प्रयास तेज किए जाएं। सुडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन कावेरी शुरू किया है। बताया जा रहा है कि अब तक 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच चुके हैं। सुडान में करीब 4000 भारतीय फंसे हैं, लेकिन उन्हें वहां से निकालने की शुरुआत को अच्छा कदम माना जा रहा है। भारत सरकार ने आखिर सोमवार को सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू कर दिया। हालांकि इस अफ्रीकी देश में सत्ता पर कब्जे के लिए दो परस्पर विरोधी सैन्य गुटों में हिंसा शुरू होने के बाद से ही भारत सरकार वहां भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में लगी हुई थी। हालात इतने जटिल थे कि पर्याप्त ग्राउंड वर्क के बगैर इस तरह का अभियान शुरू नहीं किया जा सकता था। इसलिए जहां विदेश मंत्रालय सभी संबंधित पक्षों से बातचीत कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा था कि भारत सरकार के ऐसे किसी ऑपरेशन को नुकसान न पहुंचाया जाए, वहीं सूडान में फंसे भारतीयों से संपर्क कर उनके हालात की जानकारी लेते हुए उन्हें उचित सलाह भी दी जा रही थी। बहरहाल, ताजा सूचनाओं के मुताबिक करीब 500

तेनालीराम और लाल मोर

विजयनगर राज्य के राजा थे कृष्णदेव राय, जिन्हें पशु-पक्षियों के साथ-साथ अद्भुत और अनोखी चीजों का भी बहुत शौक था। यही कारण था कि मंत्रियों से लेकर दरबारी, हमेशा अनोखी चीजों की खोज में लगे रहते थे। वे उन अनोखी चीजों को देकर न सिर्फ महाराज को खुश करना चाहते थे, बल्कि उनसे उपहार और पैसे ऐंठना भी उनका मकसद था।

एक बार की बात है, महाराज का एक दरबारी उनको खुश करने के लिए एक अनोखा लाल रंग का मोर रंगाई करने वाले से रंगवा कर लेकर आया। वह दरबारी उसे सीधे महाराज के पास ले आया और बोला, 'महाराज मैंने यह अनोखा मोर मध्य प्रदेश के घने जंगलों से मंगवाया है।' महाराज ने भी उस मोर को देखा और वो आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने बोला, 'लाल मोर, यह तो सच में बहुत अद्भुत है और यह शायद ही कहीं मिल पाएगा। इसे मैं अपने बगीचे में बहुत ही सावधानीपूर्वक रखवाऊंगा। अच्छा, अब यह बताओ कि इसे मंगाने में तुम्हारे कितने पैसे खर्च हुए?'

दरबारी अपनी बढ़ाई सुनकर काफी खुश हुआ और बोला, 'महाराज आपके लिए यह अनोखा मोर ढूंढने के लिए मैंने अपने दो सेवकों को लगाया था। वो दोनों पूरे देश की यात्रा पर निकले हुए थे। कई सालों तक इस अद्भुत चीज को ढूंढते रहे। सालों की खोज के बाद अब जाकर इन्हें यह लाल रंग का मोर मिला है। इन सब में मेरे करीब 25 हजार रुपये खर्च हुए हैं।'

यह सुनने के बाद राजा ने तुरंत कहा, 'दरबारी को 25 हजार रुपये दे दिए जाएं।'

इसके साथ ही राजा ने यह भी कहा कि 'यह तो वो रुपये हैं, जो आपने खर्च किए हैं। इसके अलावा, एक हफ्ते बाद आपको पुरस्कार भी दिया जाएगा।' यह सुनकर दरबारी खुश हो गया और तेनाली की तरफ देखकर मुस्कुराने लगा। उसकी इस मुस्कुराहट से तेनाली सारी बात समझ गया, लेकिन उसने मौके को देखकर चुप रहना ही सही समझा। तेनाली यह भी जानता था कि लाल रंग का मोर कहीं भी नहीं पाया जाता है। वो समझ चुका था कि यह दरबारी की कोई चाल है।

उसके अगले ही दिन तेनाली ने उस रंगाई करने वाले व्यक्ति को ढूंढ निकाला, जिसने मोर को लाल रंग से रंगा था। तेनाली उसके पास चार और मोर लेकर गया और उसे रंगवाकर दरबार में ले आया। उसने दरबार में कहा, 'महाराज, हमारे दरबारी दोस्त पच्चीस हजार में बस एक ही मोर लेकर आए थे, लेकिन मैं पचास हजार में उससे भी सुंदर चार मोर लेकर आया हूं।' राजा उन मोर को देखकर आकर्षित हो गए, क्योंकि वो मोर सच में काफी सुंदर और सुर्ख लाल थे। इसके बाद राजा ने तेनाली को पच्चास हजार रूपये देने का आदेश दिया।

यह सुनते ही तेनाली ने दरबार में बैठे एक आदमी की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'इस इनाम का हकदार मैं नहीं बल्कि यह कलाकार है। इसी कलाकार ने नीले मोर को लाल रंग में बदला है। यह किसी भी चीज के रंग को बदल सकता है, इसमें यह कला है।' यह सुनते ही महराज सबकुछ समझ गए कि दरबारी ने उन्हें ठगने की कोशिश की है।

राजा ने तुरंत दरबारी को दिए गए पच्चीस हजार लौटाने का आदेश दिया और साथ ही पांच हजार का जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही उसने कलाकार को पुरस्कार भी दिया।

कहानी से सीख

बच्चों, देखा जाए तो इस कहानी में दो सीख है। पहली कि कभी भी लालच नहीं करना चाहिए और दूसरी बात कि कभी भी किसी खूबसूरत चीज को देख जल्दबाजी में फैसला नहीं करना चाहिए।

Highlights

1. Wrestlers given copy of 1 FIR against WFI chief: Delhi Police
2. 71-yr-old man falls for 'beautiful girls for enjoyment' message, loses 4.5 lakh in Mumbai
3. US says H-1B visa lottery system resulted in fraud, releases statement
4. Aren't protesting female athletes 'sanskari': Mahua Moitra to BJP
5. Italy restores ChatGPT after OpenAI addresses privacy concerns
6. Bill Gates congratulates PM Modi on 100th episode of 'Mann Ki Baat'
7. Woman dies by suicide as husband stops her from visiting parlour

Who is Byju Raveendran, edtech firm BYJU's co-founder facing ED heat?

NEW DELHI, (Agency). Byju Raveendran, the co-founder of edtech platform BYJU's, is facing heat from the Enforcement Directorate (ED) which searched his three premises over alleged Foreign Exchange Management Act (FEMA) violations. His company Think and Learn Pvt Ltd, which operates under the brand name BYJU's, had been in the news recently when it fired 1,500 employees in February this year. The company had cited cost optimisation and outsourcing of operations.

Here's all you need to know about the edtech co- founder and CEO Byju Raveendran.

1. He is an investor, educator and entrepreneur, having co-founded BYJU's with his wife Divya Gokulnath in 2015. According to Forbes, he and his family are worth $3.6 billion (₹2,942 crore)

2. Hailing from Azhikode village in Kerala, Raveendran studied B Tech at the Government College of Engineering in Kannur. After scoring 100 percentile in two successive CAT exams, he quit his job and started a company in 2007 to help CAT aspirants crack the prestigious entrance exam.

3. In 2011, he and his wife Divya Gokulnath founded Think and Learn Private Limited, four years before launching the main app. Raveendran has a significant stake in Byju's, together with wife Divya Gokulnath and brother Riju Raveendran, Forbes stated.

ViewSonic X2000 is indicative of a more versatile evolution for home projectors

NEW DELHI, (Agency). There's a concerted effort to iron out the complexities of home theatre projectors, with the hope they'd be simpler and fit better in most homes. It has worked, to a certain extent, with ultra-short-throw (or UST) projectors requiring much less space to work with. At the same time, if the ViewSonic X2000 is a harbinger for any sort of sustained trend, they're becoming much smaller in size too. Ideal TV replacements, albeit belatedly? We may be getting there. A tricky balance is being achieved.

The argument for projectors, has been about how you get a much larger projection size for the money you spend. That is, compared with a TV that will remain the size you buy – 43-inches, 55-inches, 65-inches, for instance. The larger the projection size, potentially higher levels of immersion. The perception of more. Yet, projectors (at least till the UST became more common) required a lot of space and always had struggles with heat and dust. They seem less sensitive now.

The good ones still aren't exactly inexpensive. The ViewSonic X2000 costs around ₹3,99,000 before you may be able to derive some value from the payment methods such as credit cards. What value you get from this, is perhaps best illustrated by the potential for a 100-inch projection size, when kept around 9-inches from a wall or projection screen. In essence, you can use the same table as your TV, for a much larger viewing experience (how large is your TV? 55-inches? 75-inches?).

New Delhi

5 महिला अफसरों को पहली बार सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में कमीशन, चलाएंगी तोप और रॉकेट

नई दिल्ली, एजेंसी पांच महिला अधिकारियों को पहली बार सेना की आर्टिलरी में कमीशन दिया गया है। भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों को आर्टिलरी रेजिमेंट में अनुमति देकर महिलाओं की भूमिका का विस्तार किया है, जो सेना की एक प्रमुख शाखा है। 29 अप्रैल को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (OTA) चेन्नई में सफल प्रशिक्षण के बाद पांच महिला अधिकारी आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल हो गई हैं।

सेना में महिला अफसरों को उनके पुरुष समकक्षों की तरह समान अवसर और चुनौतियां दी जा रही है। इसी क्रम में आर्टिलरी की रेजिमेंट में पहली बार पांच महिला अफसरों को कमीशन दिया गया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन युवा महिला अधिकारियों को सभी प्रकार की आर्टिलरी इकाइयों में तैनात किया जा रहा है, जहां उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में रॉकेट, मीडियम, फील्ड और सर्विलांस एंड टारगेट एक्विजिशन (SATA) और उपकरणों को संभालने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और एक्सपोजर मिलेगा। पांच महिला अधिकारियों में से तीन उत्तरी सीमाओं पर तैनात इकाइयों में और अन्य दो पश्चिम में चुनौतीपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं।

आर्टिलरी रेजिमेंट में कमीशन पाने वाली महिला सैन्य अधिकारियों में लेफ्टिनेंट महक सैनी को एक SATA रेजिमेंट में, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे और लेफ्टिनेंट अदिति यादव को फील्ड रेजिमेंट में, लेफ्टिनेंट पवित्र मुदगिल को एक मीडियम रेजिमेंट में और लेफ्टिनेंट आकांक्षा को एक रॉकेट रेजिमेंट में कमीशन दिया गया है। इस समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार, कर्नल कमांडेंट और आर्टिलरी के महानिदेशक (नामित) सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और नए कमीशन अधिकारियों के गर्वित परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

Uttarpradesh

बेडरूम में फंदे से लटकी मिली फैशन डिजाइनर की लाश, एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया वीडियो, कहा- मैंने बहुत कोशिश की

मुरादाबाद, एजेंसी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के सिविल लाइन क्षेत्र में एक फैशन डिजाइनर व मॉडल मुस्कान (Fashion Designer Muskan Narang) का शव बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटका मिला है. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. एक दिन पहले मुस्कान नारंग ने इंस्टाग्राम पर वीडियो भी पोस्ट किया था. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार, थाना सिविल लाइंस इलाके के राम गंगा विहार कॉलोनी में रहने वाली 25 साल की मुस्कान नारंग ने देहरादून से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया था. इसके बाद वह मुंबई में फैशन डिजाइनिंग की जॉब कर रही थी. मुस्कान होली पर अपने घर आई थी, तब से यहीं रह रही थी. परिजनों के अनुसार, गुरुवार को मुस्कान ने सबके साथ बैठकर खाना खाया और इसके बाद वह बेडरूम में सोने चली गई. जब शुक्रवार सुबह उसने दरवाजा नहीं खोला तो घरवालों ने कमरे में देखा तो उनके होश उड़ गए.

Rajasthan

हरिजन बस्ती में सिरफिरे ने युवती पर तलवार से किया जानलेवा हमला, खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

चित्तौड़गढ़, एजेंसी चित्तौड़गढ़ जिले के निकुंभ थाना अंतर्गत एक सरफिरे ने युवक ने एक युवती पर तलवार से हमला कर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गंभीर घायल युवती का उदयपुर चिकित्सालय में उपचार जारी है। निकुंभ थानाधिकारी यशवंत सोलंकी ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि कस्बा निकुम्भ में हरिजन बस्ती में तलवारबाजी की घटना हुई है। जानकारी होते ही थानाधिकारी मय जाब्ता पर हरिजन बस्ती पहुंचे तो आम रास्ते पर एक जगह पर काफी मात्रा में खून पड़ा था। जांच में सामने आया कि ललिता पुत्री कैलाश खटीक निवासी हरिजन बस्ती निकुम्भ पर अनिल उर्फ टोनिया ने तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी अनिल उर्फ टोनिया पिता गोवर्धन लाल हरिजन निवासी हरिजन बस्ती निकुम्भ के हमले से पीड़िता के सिर में गहरी चोट लगी है। वही, अनिल ने हमले के बाद खुद को मौके पर ही बंदूक से गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ललिता के घायल होने से उसको निकुम्भ हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय से उदयपुर चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

Bihar

नीतीश के मंत्री तेजप्रताप को भाजपा ने दी नसीहत,... तो इस्लाम धर्म अपना लें, हम सड़क पर उतरेंगे

पटना, एजेंसी बिहार में बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रवचन कार्यक्रम को लेकर सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा बल्कि, बयान बाजी की वजह से यह और तेज होता जा रहा है। लालू यादव के बड़े लाल तेजप्रताप समेत सत्ताधारी महागठबंधन के घटक दल आरजेडी के नेता पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जेल में डालने की बात कह रहे हैं। इस बीच बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के विधायक हरि भूषण ठाकुर बचौल ने राजद नेताओं को नसीहत दी है। कहा है कि बहुत रोजा इफ्तार करते हैं तो

इस्लाम धर्म कबूल कर लें। चेतावनी भी दी है कि अगर बागेश्वर सरकार का विरोध हुआ तो लोग भी समर्थन में सड़क पर उतरेंगे।

बिहार की राजधानी पटना में 13 मई से 17 मई तक बागेश्वर धाम सरकार के चर्चित पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का प्रवचन कार्यक्रम होने वाला है। 5 दिनों तक धीरेंद्र शास्त्री हनुमान कथा कहेंगे। इसके पहले 12 मई को जल कलश यात्रा का भी आयोजन होगा। इसे लेकर बिहार में सियासी बवाल जोरों पर है। धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नीतीश सरकार के मंत्री तेज प्रताप यादव ने विरोध करने का बयान दिया। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री अगर बिहार में हिंदू मुस्लिम के बीच विवाद पैदा करने आ रहे हैं तो उन्हें एयरपोर्ट पर ही घेर लिया जाएगा। उनके कार्यक्रम का विरोध होगा।

खेल

स्टोइनिस-मेयर्स की बदौलत लखनऊ ने IPL का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, पंजाब को 56 रन से दी शिकस्त

मोहाली। आईपीएल 2023 के 38वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने पंजाब किंग्स को 56 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 257 रन बनाए। मार्कस स्टोइनिस ने 40 गेंदों में 72 रन और काइल मेयर्स ने 24 गेंदों में 54 रन की पारी खेली। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम 19.5 ओवर में 201 रन पर सिमट गई। अथर्व तायदे ने 36 गेंदों में 66 रन की पारी खेली। इसके बाद कोई बल्लेबाज 40+ स्कोर नहीं बना सका। यश ठाकुर ने चार और नवीन उल हक ने तीन विकेट लिए।

इस जीत के साथ लखनऊ के आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ 10 अंक हो गए हैं। टीम अंक तालिका में राजस्थान रॉयल्स के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, पंजाब की यह आठवें मैच में चौथी हार रही। टीम चार जीत और आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। लखनऊ को अगला मैच एक मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेलना है। वहीं, पंजाब को 30 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चेपक में खेलना है।

दोनों टीमों के बीच पहले चरण के मुकाबले में पंजाब ने लखनऊ को उसके घरेलू मैदान में दो विकेट से हराया था। तब सिकंदर रजा ने 57 रन की पारी खेली थी और एक विकेट भी लिया था। राहुल ने अपनी पुरानी टीम से इसी हार का बदला ले लिया। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल तीन मैच खेले गए हैं। इनमें से लखनऊ ने दो मैच और पंजाब की टीम को एक मैच में जीत मिली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 257 रन बनाए थे। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टोटल था। वहीं, आईपीएल इतिहास में सिर्फ दूसरी बार 250+ का स्कोर बना। आईपीएल में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के नाम है। उसने 2013 में बेंगलुरु में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 263 रन बनाए थे। तीसरा हाईएस्ट टोटल भी बैंगलोर के नाम है। उसने 2016 में गुजरात लायंस के खिलाफ बेंगलुरु में ही 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 248 रन बनाए थे।

वहीं, यह लखनऊ का सबसे बड़ा टोटल भी था। मोहाली में भी यह आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स 2008 में पंजाब के खिलाफ मोहाली में 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 240 रन बनाए थे। यह इस सीजन का भी सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने इसी सीजन ईडन गार्डन्स में कोलकाता के खिलाफ 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 235 रन बनाए थे।

सिनेमा

वॉशरूम में जाकर लंच करती थीं प्रियंका चोपड़ा, बोलीं- नॉन अमेरिकन जैसा फील होता था

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि जब वह US शिफ्ट हुईं तो वहां पर वो वॉशरूम में जाकर लंच किया करती थीं। प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि वह बहुत नर्वस होती थीं और उन्हें समझ में नहीं आता था कि कैसे वह कैफेटेरिया जाकर लंच लें। यही झिझक उनके वॉशरूम में जाकर लंच करने की वजह बन गई। प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड में बेहिसाब नए कीर्तिमान कायम किए हैं। लंबे वक्त तक हिंदी सिनेमा के दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद वह हॉलीवुड चली गईं और अब अंग्रेजी प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रही हैं। आज वह बेहद कॉन्फिडेंट नजर आती हैं, लेकिन हमेशा से ऐसा नहीं था। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में Today Show में उस वक्त के बारे में बताया जब वह टीनेजर थीं और पहली बार पढ़ाई के लिए अमेरिका गई थीं। प्रियंका चोपड़ा में तब इतना भी कॉन्फिडेंस नहीं था कि सबके साथ बैठकर लंच कर पाएं। विदेशियों के बीच वह खुद को बहुत डाउन फील किया करती थीं। PC ने बताया कि कैसे शुरुआती कुछ हफ्ते उनके लिए बहुत भयानक रहे थे। कैसे वह धीरे-धीरे इस डर और झिझक से बाहर आईं और चीजें किस तरह बदलीं। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'मैं अपना लंच एक स्टॉल में वॉशरूम के अंदर किया करती थी, क्योंकि मैं बहुत ज्यादा नर्वस फील करती थी। मुझे नहीं पता था कि कैसे कैफेटेरिया जाकर वहां से लंच लूं, मैं एक वेंडिंग मशीन से वेफर्स खरीद लेती थीं। मैं वॉशरूम जाती थी, जल्दी-जल्दी खाती, और फिर फटाफट क्लासेज के लिए चली जाती, इससे मुझे किसी को फेस ही नहीं करना पड़ता था।'

लाखों की धोखाधड़ी में तीन पकड़ाए

आर्किटेक्ट को नकली अफसर बन सजा एवं जुर्माने का डर बताकर ऐंठे से रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्त में लिया है। आरोपियों ने इंटीरियर आर्किटेक्ट के साथ नकली अफसर बनकर उसे सजा एवं जुर्माने का डर बताकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की थी।

क्राइम ब्रांच को आदित्य लाड ने शिकायत करते हुए बताया कि उनका शुभारंभ इंटीरियर आर्किटेक्ट के नाम से नवनीत दर्शन बिल्डिंग ओल्ड पलासिया स्थित ऑफिस में इंटीरियर आर्किटेक्ट का ऑफिस था जहां पर ओवेश नाम का आरोपी, फरियादी की साइट पर पीओपी लगाने का कार्य करता था। ओवेश ने फरियादी से कहा कि तुम्हारे विरुद्ध आर्किटेक्ट ऑफ कॉन्सिल विभाग में शिकायत की गई है, जिसका ईमेल चेक करने को कहा गया।

फर्जी मेल के जरिए धमकाया

आरोपियों ने फर्जी मेल के माध्यम से फरियादी को कहा कि तुमने अपनी कंपनी के नाम के आगे आर्किटेक्ट लिखा है जो कानूनी रूप से जुर्म है। इस धमकी से वह डर गया और ओवेश से संपर्क कर मेल के मिलने की बात कही तो ओवेश ने फर्जी तरीके से झूठ बोलते हुए आर्किटेक्ट ऑफ कॉन्सिल विभाग में ऑफिसर से परिचित होना बताकर मिलवाने और समस्या को खत्म करने का कहा।

दोस्त को बनाया नकली आफिसर

डरकर फरियादी आरोपी ओवेश की बातों में आ गया जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी ओवेश ने सी-21 माल के पीछे अपने साथी आरोपी शहनील को आर्किटेक्ट ऑफ कॉन्सिल विभाग का ऑफिसर सिद्धार्थ नाम बताकर कानूनी कार्यवाही में 7 साल की जेल एवं 12 लाख रू का जुमार्ना लगने जैसे झूठ बोलकर डराते हुए थोड़े थोड़े समय में पैसे वसूलना शुरु कर दिया।

अन्य तरीकों से भी वसूले रुपए

थोड़े दिन बाद सिद्धार्थ ने गवर्नमेंट प्रोजेक्ट्स दिलाने एवं सर्टिफिकेट बनाने सहित कई तरह के झूठ बोलकर लगातार तीसरी साथी आरोपी माधुरी नाम की महिला के साथ मिलकर अवैध रूप से पैसे वसूलना शुरु कर दिया। उसके बाद तीनों आरोपियों ने फरियादी को सरकारी स्कूल में रिपेयरिंग टेंडर एवं मेट्रो स्टेशन बनाने का टेंडर में पार्टनर शामिल करने के नाम से पैसे प्राप्त कर करीब दो लाख रुपए ले लिए और न तो कोई कार्य दिया, न ही पैसे वापस किए ।

यह आरेपी आए गिरफ्त में

क्राइम ब्रांच ने आरोपियो के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तकनीकी जानकारी निकाली और आरोपी मो.शहनील निवासी खजराना, ओवेश अली निवासी खजराना एवं माधुरी जाधव, इंदौर को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उनसे ये भी पूछताछ की जा रही है कि अभी तक वह इस प्रकार कितने लोगों से धोखाधड़ी की है।

तेज रफ्तार कार पेड़ में घुसी, टकराते ही लगी आग, चार दोस्त घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्टार चौराहे के पास शुक्रवार देर रात हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ में जा घुसी। पेड़ से टकराते ही कार में आग लग गई। कार में चार दोस्त सवार थे, जो समय पर बाहर निकल गए। हालांकि, कार के पेड़ से टकराने से सभी घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक एमपी09 जेडसी 9087 तेज रफ्तार में आ रही थी। इस दौरान ड्राइवर कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और वह पेड़ में जा घुसी। पेड़ से टकराते ही उसमें आग लग गई। आग में पूरी कार खाक हो गई। हालांकि, समय रहते उसमें सवार चार दोस्त कार से निकल गए थे। लोगों ने घायल कार सवारों को अस्पताल पहुंचाया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

लिफ्ट देने रूका, बन गया लुटेरे का शिकार

इंदौर। मनीष पिता रामचंद्र तिवारी निवासी टेलीफोन नगर ने पुलिस को बताया कि वहां मोटरसाइकिल से पिपलियाहाना चौराहे से जा रहा था तभी एक युवक ने लिफ्ट मांगी तो उसने गाड़ी रॉकी तो युवक ने चाकू दिखाया और मोबाइल फोन और 874 रुपए नकदी तथा गाड़ी की चाबी छीन कर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

यहां पर भी वारदात- लूट की एक अन्य वारदात खुडैल थाना क्षेत्र में हुई। फरियादी लक्ष्मण पिता रघुवीर चौहान निवासी सोहन गुराडिया को इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने रोका और चाकू दिखाकर मोबाइल फोन और 1945 रुपए छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।।

प्रताप जयंती पर निकलेगी शौर्य यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा इंदौर एवं सर्व राजपूत संगठन के तत्वाधान में 22 मई को महाराणा प्रताप जयंती मनाई जाएगी। इस विषय पर ग्रैंड ओमिनी होटल में सभी संगठनों की मीटिंग आयोजित की गई थी। सभी संगठनों ने मिलकर 22 मई को शोर्य यात्रा में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने पर जोर दिया और तय किया गया कि सभी मिलकर इस यात्रा को सफल बनाएंगे।

पुलिसकर्मी बनकर लूटने वाला बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमजी रोड़ पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ा है। उसने अपने साथी के साथ मिलकर नकली पुलिस बनकर चैकिंग के बहाने के एक व्यक्ति के साथ लूटपाट की वारदात की थी।

पुलिस के मुताबिक 23 मार्च की रात को बाइक से जाते समय भागीरथ नाम के युवक को बाइक सवार दो बदमाशों ने रोका, जिसके बाद दोनों ने चैकिंग के नाम पर उसके रुपए लूट लिए थे। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। फरियादी ने बाइक के नंबर देख लिए थे। जिसके बाद रुपए ले जाने पर एमजी रोड़ पुलिस को मामले की शिकायत की। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर जानकारी निकलवाई। जिसमें नीरज वर्मा नाम के बदमाश की पहचान हुई। उसके आपराधिक रिकार्ड है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया। यहां उसे उसका एक दिन का रिमांड मिला है। नीरज के साथी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

वाहन चोर गिरोह पकड़ाया, पांच गाड़ियां बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में बाहर से आकर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों के गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के पांच वाहन भी बरामद किए गए हैं। भंवरकुंआ थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रतिक्षा ढाबे रिंग रोड के पीछे खाली मैदान में चोरी की मोटरसाइकिले बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस द्वारा शंका के आधार पर सादी वर्गी में पुलिस बल के साथ बताए स्थान पर दबिश दी जंहा से बदमाशों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बदमाशों ने अपने नाम जितेंद्र पिता समरसिंह चौहान(20) निवासी अलीराजपुर,सरदार मेहडा पिता रमेश (20) निवासी अलीराजपुर,भंगु अनारे पिता गुमान अनारे(&0) निवासी धार,प्रभु मण्डलोई पिता जोतु निवासी धार बताया। बदमाशों से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

शातिर चोर से लाखों का माल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी का लाखों रुपए का माल बरामद किया है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बदमाश तिलकनगर क्षेत्र में घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने के उपरांत चुराए आभूषण को सस्ते बेचने के लिये घूम रहा है।

इस पर टीम ने तिलकनगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरिफ बेग,खजराना को पकड़ा। उसने बताया कि तिलकनगर क्षेत्र के स्कीम नंबर 140 में स्थित घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी से 2 सोने की अंगूठी, 3 सोने की नाक के कांटे,एक सोने का सिक्का, एक सोने को बाली, पांच जोड चांदी के पायजेब, दो चांदी के गुच्छे,पांच जोड चांदी की बिछिया बरामद की गई है। पुलिस अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

sponcership

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।